<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>राष्ट्रीय कृषि विज्ञान वाद–विवाद प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्रों ने चमक बिखेरी</u>

पन्तनगर। 28 दिसम्बर 2024। 27 दिसंबर 2024 को अचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के जोनल वाद–विवाद प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय के अंतिम वर्ष की छात्रा शगुन और छात्र चित्रांश देवलीयाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शगुन को इस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ और अब पंतनगर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेगा। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

वाद–विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन का पुरस्कार प्राप्त करती छात्रा।

निदेशक संचार